नईदुनिया

# डुप्लीकेट गुटखा बनाने की तैयारी में थे मुनाफाखोर, दो मशीनें पकड़ीं

Publish Date: | Thu, 23 Apr 2020 10:54 AM (IST)

नईदुनिया

- नौगांव में बन रहे नकली गुटखा, नौगांव की मशीनों से छतरपुर में गुटखा खपाने की थी तैयारी छतरपुर। जिले को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए लॉकडाउन टू चल रहा है। अंचलभर में अल्टरनेट दुकानें खोली जा रही हैं। ऐसे में मुनाफाखोर सक्रिय हैं। हाल ही में कई सील शराब दुकानों की सील खुली पाई गईं थी तो एक दुकान के

- नौगांव में बन रहे नकली गुटखा, नौगांव की मशीनों से छतरपुर में गुटखा खपाने की थी तैयारी

छतरपुर। जिले को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए लॉकडाउन टू चल रहा है। अंचलभर में अल्टरनेट दुकानें खोली जा रही हैं। ऐसे में मुनाफाखोर सक्रिय हैं। हाल ही में कई सील शराब दुकानों की सील खुली पाई गईं थी तो एक दुकान के पिछवाड़े से दरवाजा बनाकर शराब की निकासी की जा रही थी। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी शैलेष जैन को हटाकर उड़नदस्ता प्रभारी को प्रभार सौंपा गया है, लेकिन न तो शराब का विक्रय थम पाया है और न ही मुनाफाखोरों पर पाबंदी लगाई गई है। मुनाफाखोरी की हद तो तब हो गई जब बाहर से आने वाले गुटखा आदि के विक्रय पर रोक लगाए जाने पर नकली गुटखा बनाने की तैयारी कर ली गई थी। ओरछा रोड थाना पुलिस ने गुटखा तैयार करने वाली दो मशीनें जब्त कर तकरीबन 8 बोरा कच्चा माल बरामद किया है।

जिला मुख्यालय में कई खाद्य पदार्थों के दाम अचानक ही आसमान छूने लगे हैं। आमलोगों की जरूरतों की चीजें महंगे दामों में बेची जा रही हैं तो वहीं चुपके से गुटखा मनमाने दामों में बेचने का कारोबार तेजी से चल रहा है। कई लोग अंचल में ब्रांडेड नामों के गुटखे भी तैयार कर रहे हैं। जिले के कस्बा नौगांव में कई स्थानों पर अवैध रूप से ब्रांडेड नामों के नकली गुटखे तैयार किए जा रहे हैं। इसी बीच छतरपुर शहर से लगभग 15 किमी दूर सहानियां में गुटखा बनाए जाने के लिए नौगांव से दो मशीनें बुलाई गई थीं। सहानियां गांव में गुटखा बनाने का काम शुरू हो पाता, इसके पहले ही गांव से किसी ने पुलिस को सूचना दी। गुजरी रात करीब 2 बजे ओरछा रोड थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक घर में रखी मशीनों और लगभग 8 बोरा कच्चा माल बरामद कर लिया। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय में गुटखा पाउच की जमाखोरी कर उन्हें मनमाने दामों में बेचा जा रहा है। बाजार में चुपके से भारी रेट चढ़ने के कारण मुनाफाखोरों ने फैक्ट्री लगाकर गुटखा बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

सर्वर हो रहे डाउन, धूप में तपने पर नहीं मिल रहा राशन

लॉकडाउन के दौरान राशन लेने वाले जरूरतमंदों को पसीना बहाना पड़ रहा है। मशीनों का सर्वर डाउन होने के कारण राशन लेने वाले लोग धूप में तपने को मजबूर हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सुरक्षित शारीरिक दूरियां बनाने के निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। बाजारों के अलावा राशन वितरण आदि में भी भीड़ जमा न करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रशासन द्वारा बनाए गए सेंटरों में लोग दूरियां बनाकर धूप में खड़े हो रहे हैं। इन केंद्रों पर न तो टेंट से छाया का प्रबंध किया गया है और न ही पानी का इंतजाम किया गया है। स्थानीय पठापुर रोड पर चल रहे राशन वितरण कार्य के दौरान लोग धूप में सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं। बुधवार को यहां सुबह से ही लोग आना शुरू हो गए थे। पहले सर्वर ने परेशान किया और बाद में राशन खत्म हो जाने के कारण कई लोगों को निराश होकर घर लौटना पड़ा। यहां पर प्रशासन के द्वारा छाया की व्यवस्था नहीं की गई थी।

सरकारी भवन, निजी घरों में हो रहा सैनिटाइजेशन

कोरोना जैसी महामारी के इस संकट काल में जिलेभर के सरकारी व निजी भवनों को सैनिटाइज किया जा रहा है। नौगांव में कांग्रेस नेता अजय दौलत तिवारी ने सैनिटाइज मुहिम के चलते नगर के वार्ड पूरे होने के बाद ग्राम गर्रोली, नन्ही मऊ, तिंदनी में भी सैनिटाइज किया गया। जिसमें पुलिस चौकी गर्रोली और चेक प्वाइंट को भी सैनिटाइज किया गया। नगर नौगांव की उप जेल को भी पूरी तरह अंदर बाहर से सैनिटाइज किया गया। इधर छतरपुर शहर में नगर पालिका परिषद द्वारा सम्पूर्ण शहर को सैनिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन नगरपालिका द्वारा शहर के मुख्य मार्ग के साथ-साथ गलियों एवं मोहल्लों में जाकर दवाई का छिड़काव मशीनों (छोटा हाथी, फायर ब्रिगेड एवं टैंकर) एवं मेनुअल स्प्रे मशीनों द्वारा सुबह-शाम किया जा रहा है।

सब्जी विक्रेताओं व महिलाओं को बांटे सैनिटाइजर और मास्क

भाजपा किसान मोर्चा मंडल राजनगर ने सब्जी विक्रेताओं और किसान महिलाओं को मास्क और सैनिटाइजर का वितरण किया। खजुराहो सांसद बीडी शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा किसान मोर्चा मंडल राजनगर की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने किसानों के बीच कोरोना वायरस से लड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उनके द्वारा मास्क, सैनिटाइजर राजनगर में गली मोहल्ले में घूम-घूम कर सब्जी बेचने वाली महिलाओं व किसान महिलाओं को वितरित किए। इसी तरह ग्राम खजवा के एक समाजसेवी किसान बृजगोपाल पटेल उर्फ बबलू ने अपनी फसल को बेचने के बाद खजवा सहित आसपास के ग्रामों में गरीबों को राशन वितरण के पश्चात राजनगर के फौजदार मोहल्ले की हरिजन बस्ती के गरीब परिवारों को मास्क, साबुन और कच्चा राशन उपलब्ध करवाया। इसके अलावा बाजार में भी गरीब मजदूर व्यक्तियों को भी मास्क और राशन उपलब्ध कराया। गरीब और वृद्ध महिलाएं पुरुष ऐसे कठोर समय में राशन पाकर अत्यंत प्रसन्न हुए। राजनगर में राशन वितरण में राजेंद्र वर्मा उर्फ रज्जू, लालजी पटेल, राधाचरण, देशराज पटेल द्वारा नियमों के मुताबिक दूरी बनाकर गरीबों को राशन, मास्क इत्यादि का वितरण करने में सहयोग किया।

सहकारी बैंक के महाप्रबंधक के खिलाफ होगी एफआईआर

- बगैर लाइसेंस कर दिया था खाद का भंडारण व विक्रय

छतरपुर। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक केएल रायकवार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। महाप्रबंधक ने छतरपुर जिले में देवपुत्र एग्रीटेक एवं सागरिका के जैविक उर्वरकों का विक्रय मनमाने तरीके से कर दिया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छतरपुर से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में देवपुत्र एग्रीटेक एवं सागरिका उर्वरकों का भंडारण मप्र राज्य सहकारी संघ के माध्यम से न कराकर सीधे खरीदकर सोसायटियों में भंडारण कराकर विक्रय कराया गया है। जिले में खाद का भंडारण और विक्रय मनमाने तरीके से कराने का मामला उजागर होने पर सहकारिता विभाग सागर के उप पंजीयक ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच के निर्देश दिए। कृषि विभाग के उप संचालक ने मामले की विधिवत जांच की और जांच रिपोर्ट उप पंजीयक सागर को सौंपी। जिला कलेक्टर ने उर्वरकों के सीधे प्रदाय कर सोसायटियों को उपलब्ध कराने के संबंध में आरोपित अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। सहकारिता विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार ने उर्वरकों के विक्रय मामले में एफआईआर की जिम्मेदारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष करुणेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी है।

इनका कहना है

इस मामले में जल्द ही संचालक मंडल की बैठक बुलाकर निर्णय लेंगे। मामला गंभीर है। शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी।

करुणेंद्र प्रताप सिंह

अध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छतरपुर

परिवार फसल कटाने गांव चले गए, चोरों ने घर में की सेंधमारी

छतरपुर। सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पठापुर रोड पर रहने वाले एक साहू परिवार के सदस्य अपने खेत की फसल कटाई के लिए गांव गए थे। इधर उनके सूने घर में चोरों ने सेंधमारी कर सोने-चांदी के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिए। पुलिस ने मामला कायम कर पड़ताल शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथ ठेले पर बिरयानी की दुकान चलाने वाले जयपाल पुत्र शंकर साहू शहर के पठापुर रोड पर बंधन मैरिज गार्डन के पास मकान है। लॉकडाउन के दौरान कोई काम न होने पर वह अपने परिवार सहित गृहग्राम नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा चले गए। सूने घर में ताला पड़ा होने पर अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए गुजरी रात उनके घर में प्रवेश किया। बताते हैं कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा नहीं था, बल्कि उसमें तोड़े जाने के निशान बने हुए थे। माना जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने पहले तो ताले को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन जब वह नहीं टूटा तो उसकी चाभी बनाकर उसे खोला और घर के अंदर प्रवेश कर गए। घर के अंदर उस कमरे में भी ताला लगा था, जिसमें गोदरेज की अलमारी रखी थी। अज्ञात चोरों ने उस ताले को तोड़कर कमरे में दस्तक दी और गोदरेज की अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और करीब 32 हजार की नगदी चोरी की और चंपत हो गए। सुबह पड़ोसियों ने जब साहू परिवार के घर का मेन दरवाजा खुला देखा तो गृहस्वामी जयपाल साहू को फोन लगाया। जयपाल ने जब पड़ोसियों को गांव में होने की जानकारी दी तो पड़ोसी माजरा समझ गए। दुकानदार जयपाल भी तत्काल अपने गांव से घर आया और अंदर जाकर देखा तो गोदरेज की अलमारी के कपड़े बिखरे पड़े देखकर 100 डायल पुलिस को सूचना दी। गृह स्वामी ने सिटी कोतवाली थाने जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

समर्थन मूल्य पर ही अनाज खरीदें व्यापारीः एसडीएम

खजुराहो। कृषि उपज मंडी समिति राजनगर के बैठक कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी स्वनलि वानखेड़े ने अनुभाग के गल्ला व्यापारियों से बैठक कर उनकी समस्या के बारे में जाना और उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया। श्री वानखेड़े ने सभी व्यापारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर ही किसानों की रबी की उपज खरीदें। कोरोना वायरस से फैलने वाली बीमारी से बचने के लिए शासन के निर्देशों का पालन करें, जिनमें सुरक्षित दूरी, चेहरे पर मास्क, सैनिटाइजर का इस्तेमाल प्रमुख रूप से शामिल है। यदि आप इन नियमों का या कम कीमत में किसानों का अनाज खरीदेंगे तो कानूनी कार्रवाई होगी। व्यापारियों की ओर से बद्रीप्रसाद अग्रवाल ने मांग रखी कि व्यापारियों को किसानों से अनाज खरीदने में आवश्यक सौदा पत्रक के दस्तावेजों में शामिल किसानों की भू अधिकार पुस्तिका की आवश्यकता को हटाया जाए, जिस पर श्री वानखेड़े ने कलेक्टर से मार्गदर्शन लेने के लिए आश्वस्त किया। व्यापारी राजकुमार जैन ने मांग रखी कि व्यापारियों को किसानों के आधार कार्ड तथा मोबाइल नंबर से ही उपज खरीदने की अनुमति मिले। संजय अग्रवाल ने व्यापारी द्वारा खरीदे माल को लाने ले जाने में लॉकडाउन के तहत जगह-जगह तैनात पुलिस द्वारा जांच हेतु बेवजह रोकने से परेशानी का मुद्दा उठाया। बैठक में कृषि उपज मंडी समिति सचिव ममता वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक बलवंत सिंह सहित मंडी के कर्मचारी तथा अन्य व्यापारी शामिल हुए।

नोट - फोटो 01 से 09 तक केप्सन है -

छतरपुर। नौगांव में जेल के बाहर चल रहा सैनिटाईजेशन।

छतरपुर। पठापुर रोड पर धूप में राशन लेने खड़े लोग।

छतरपुर। राजनगर में लॉकडाउन का उल्लंघन कर सवारियों को ले जाती टैक्सी।

छतरपुर। राजनगर में मास्क वितरण करतीं भाजपा नेत्री ज्योति अग्रवाल।

छतरपुर। हरपालपुर मंडी में दस्तावेजों की जांच कराते किसान।

छतरपुर। कृषि मंडी हरपालपुर में गेहूं से भरे खड़े ट्रक।

छतरपुर। पठापुर रोड पर घर में चोरी की वारदात दिखाता दुकानदार जयपाल साहू।

छतरपुर। राजनगर में व्यापारियों की बैठक लेते एसडीएम स्वनलि वानखेड़े।

छतरपुर। कोऑपरेटिव बैंक छतरपुर।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/chhatarpur-chaterpur-news-5518841